राज्यपाल सचिवालय
राजभवन,जयपुर

रोटरी क्लब द्वारा निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतीक्षालय का राज्यपाल ने किया लोकार्पण

'सेवा भाव को सर्वोपरि रखते हुए हों जन कल्याण के कार्य – राज्यपाल'

जयपुर, 10 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सेवा भाव को सर्वोपरि रखते हुए जन कल्याण के कार्य करने का आह्वान किया है।

श्री मिश्र आज यहां राजभवन से रोटरी क्लब मालपुरा के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नव निर्मित प्रतीक्षालय के वर्चुअल लोकार्पण बाद आयोजित समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के साथ ही रोगियों के परिजनों के लिए सुविधाओं के विस्तार में भी सभी को सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने प्रतीक्षालय के निर्माण की सराहना करते हुए रोटरी क्लब द्वारा कोरोना बचाव के लिए किए कार्यों की भी सराहना की।

राज्यपाल ने भारतीय संस्कृति की चर्चा करते हुए कहा कि विश्व कल्याण की भारतीय दृष्टि में सेवा को व्यक्ति का बड़ा धर्म बताया गया है। उन्होंने कहा कि जो दूसरों के लिए जीता है, वही जीवन सार्थक है। उन्होंने रोटरी क्लब की स्थापना और इसके द्वारा किये जा रहे मानव कल्याण कार्यों की वैश्विक पहचान से प्रेरणा लेकर सभी को कार्य करने पर भी जोर दिया। उन्होंने इस अवसर पर कोरोना से बचाव के लिए सभी नागरिकों को मास्क लगाने, दो गज की दूरी बनाए रखने और स्वछता को जीवन की आदत बनाने की भी अपील की।

राज्यपाल ने कोरोना वारियर्स रूप में कार्य करने वाले सभी अधिकारियों, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य सेवा से जुड़े चिकित्सक, कार्मिकों का भी अभिवादन करते उनकी सराहना की। इससे पहले श्री मिश्र ने संविधान उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का वाचन करवाया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के श्री अनिल सुराशाही, राजेन्द्र अग्रवाल और रोटरी सीताराम ने रोटरी क्लब के द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। **फोटो – 1–2**

––––

राज्यपाल ने बधाई और शुभकामनाएं दी

'भारत के नए संसद भवन के शिलान्यास में राज्यपाल ने ऑनलाइन भाग लिया'

जयपुर, 10 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने गुरुवार को देश के नए संसद भवन के शिलान्यास समारोह में ऑनलाइन भाग लिया। नए संसद भवन का प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शिलान्यास करते हुए भूमि पूजन किया। उन्होंने देश के लोकतंत्र में इसे गौरवशाली क्षण बताते हुए देशवासियों को इसकी बधाई दी। लोकसभा के अध्यक्ष श्री ओम बिड़ला, संसदीय राज्य मंत्री श्रो प्रह्लाद वेंकटेश सहित बड़ी संख्या में मंत्री, सांसद और गणमान्य जनों ने भाग लिया।

राज्यपाल की बधाई– राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने भारत के नए संसद भवन के शिलान्यास को ऐतिहासिक बताते हुए इसके लिए देश के नागरिकों और संसदीय परंपरा से जुड़े जन प्रतिनिधियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि संसद लोकतंत्र का पवित्र सदन होता है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में आजादी के बाद नवीन संसद भवन का निर्माण भारतीय संस्कृति से जुड़ी ऐसी इमारत

होगी जो अनेकता में एकता के हमारे भावों का रूपाकार होगा। उन्होंने कहा कि नवीन संसद भवन आत्मनिर्भर भारत, एक भारत श्रेष्ठ भारत का, विविधता की हमारी संस्कृति का प्रतीक होगा। लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला के अनुसार नया संसद भवन पुराने संसद भवन से 17,000 वर्गमीटर बड़ा होगा। इसे 971 करोड़ रुपये की लागत से 64,500 वर्गमीटर क्षेत्र में यह बनाया जाएगा। **फोटो – 3–4**

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र दिलायेंगे शपथ

मुख्य सूचना आयुक्त एवं सूचना आयुक्त का शपथ ग्रहण शुक्रवार को

जयपुर, 10 दिसम्बर। राजभवन में शुक्रवार को दोपहर 12.30 बजे राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त एवं सूचना आयुक्त पद का शपथ ग्रहण सामारोह आयोजित किया जायेगा।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र शुक्रवार राजभवन में आयोजित संक्षिप्त समारोह में मुख्य सूचना आयुक्त श्री डी.बी.गुप्ता, सूचना आयुक्त श्री नारायण बारेठ तथा सुश्री शीतल धनकड़ को शपथ दिलवायेंगे। कोरोना सुरक्षा नियमो की पालना के साथ ही बहुत कम संख्या में गणमान्यों की उपस्थिति में यह समारोह आयोजित किया जायेगा।

,